# जर्मनी के व्यापारिक संगठनों को निवेश का न्योता



फ्रैंकफर्ट जर्मनी में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए विदेश भ्रमण के दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद व अन्य ● सूचना विभाग

**राब्यू, लखनऊ** : अगले साल फरवरी में लखनऊ में आयोजित होने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग के लिए विदेश में योगी सरकार के प्रतिनिधिमंडल का रोड शो शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर पहुंचे राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को रोड शो के जरिये विदेशी निवेशकों को उप्र में निवेश का न्योता दिया। जर्मनी में रोड शो के माध्यम से राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल सैमसन, कांटिनेंटल एजी, इनोप्लेक्सस एजी, जैक टेक्नोलाजीज जीएमबीएच जैसी जर्मन कंपनियों से संपर्क करेगा और उप्र में निवेश के लिए उन्हें सहमत करेगा। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को फ्रैंकफर्ट में भारतीय मूल के व्यापारिक नेताओं से मुलाकात की और उन्हें उप्र में अपने कारोबार का विस्तार करने और यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। अगुआई औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता "नंदी" और लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल, आबकारी आयुक्त सेंथिल सी. पांडियन और एमएसएमई विभाग के सचिव प्रांजल यादव सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हैं।

**एक चौथाई कृषि उपज के प्रसंस्करण का लक्ष्य:** प्रदेश सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के माध्यम से सिर्फ निवेश ही आकर्षित करने में नहीं जुटी है। जीआइएस-2023 के जरिये भविष्य के रोड मैप का खाका भी खींचा जा रहा है। सरकार ने विभिन्न सेक्टर के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। उत्पादित कृषि उपज के एक चौथाई (25 प्रतिशत) के प्रसंस्करण का लक्ष्य वर्ष 2025 तक के लिए निर्धारित किया है। प्रोत्साहन व सब्सिडी के जरिये इस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिशें की जा रही हैं।